## वरिष्ठ नागरिकों का पहला दल नेपाल पहुंचा

**बीकानेर,** (कासं)। वरिष्ठ नागरिक निशुल्क तीर्थ यात्रा योजना में देवस्थान विभाग होली से पहले बीकानेर और चूरू के बुजुर्गों को काठमांडू के पशुपतिनाथ महादेव के दर्शन करवायेगा। बीकानेर से बुजुर्गों का पहला दल सोमवार को जयपुर से रवाना हुआ जो नेपाल पहुंच गया।

बुजुर्गों को जयपुर से पहले दिल्ली तक हवाई जहाज में ले जाया जायेगा। वहां से काठमांडू तक दूसरी फ्लाइट में ले जाया जायेगा। 4 दिनों के इस टूर में बुजुर्गों को वापस जयपुर के सिंधी कैम्प तक लाने की जिम्मेदारी सरकार की होगी। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि 3 से 9 मार्च तक बीकानेर और चूरू के 343 बुजुर्गों को हवाई यात्रा करवाई जायेगी। इसमें 3 से 6 तक बीकानेर के 188 बुजुर्ग और सात से नौ मार्च तक चूरू के 155 सीनियर सिटीजनों को हवाई जहाज से काठमांडू भेजा जायेगा। 3 मार्च को बीकानेर के 11 बुजुर्गों को जयपुर से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। मंगलवार को 59 बुजुर्ग जायेंगे।

पांच और 6 मार्च को 118 लोगों को भेजा जायेगा।वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए बीकानेर देवस्थान विभाग के यात्रा प्रभारी महेश कुमार शर्मा, रितेश श्रीमाली और सोनू शर्मा भी जयपुर गए हुए हैं। देवस्थान विभाग ने वर्ष 2024 में 5 नवम्बर से पशुपतिनाथ के दर्शन करवाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों को भेजना शुरू कर दिया था।

# ओवरब्रिज के लिए 4 महीने तक बंद रहेगा लालगढ़ रेलवे फाटक

- **लालगढ़ रेलवे ओवरब्रिज बनने के कारण -ट्रैफिक डायवर्ट होगा, एक से 4 किमी. का चक्कर बढ़ेगा, हालांकि फाटक कब से बंद होगा, इसका निर्णय अभी तक नहीं हुआ**
- **करीब 30 करोड़ का टेंडर कर ओवरब्रिज का काम शुरू हुआ है। निर्माण के दौरान कोई घटना ना हो इसके लिए पुल के नीचे का ट्रैफिक डायवर्जन होना है**

**बीकानेर,** (कासं)। लालगढ़ रेलवे ओवरब्रिज बनने के कारण रेलवे फाटक 3 से 4 महीने के लिए बंद होने वाला है। आरएसआरडीसी ने फाटक का ट्रैफिक डायवर्ट करने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है। अब कलेक्टर को इसका निर्णय करना है। पिछली बार ब्रिज की शटरिंग गिर गई थी। इसलिए सुरक्षा लिहाज से ये जरूरी है।

दरअसल 2017 से लालगढ़ रेलवे ओवरब्रिज बनाने के लिए 82 करोड़ रूपए से काम शुरू हुआ था। बीच में एक निजी प्रोपर्टी और शटरिंग गिरने के कारण काम रूका रहा। अब जब सारी समस्याएं दूर हुई तो वापस करीब 30 करोड़ का टेंडर कर ओवरब्रिज का काम शुरू हुआ है। निर्माण के दौरान कोई घटना ना हो इसके लिए पुल के नीचे का ट्रैफिक डायवर्जन होना है।

ये वो रास्ता है जो लोग मंडी से लेकर मुक्ताप्रसाद और रामपुरा की ओर जाते हैं। रामपुरा, मुक्ताप्रसाद से लेकर पूगल से आने वाले लोग भी इस रास्ते को पकड़ते हैं। इसलिए जब ये फाटक बंद होगा तो पूगल से आने वाले पूगल फांटे से गजनेर रोड होते हुए आयेंगे। अनाज मंडी से लालगढ़ की ओर जाने वाले इंदिरा कॉलोनी और सुभाषपुरा होकर या सीधे श्रीगंगानगर चौराहे होते हुए पूगल रोड होते हुए रामपुरा-मुक्ताप्रसाद जा सकते हैं।

ये परेशानी करीब 3 से 4 महीने तक रहेगी। हालांकि फाटक कब से बंद होगा, इसका निर्णय अभी तक नहीं हुआ। रूकावट ना होती तो जून 2020 में पुल का काम पूरा होना था। लालगढ़ रेलवे क्रासिंग पूरी तरह बंद होने से करीब 50 हजार लोगों को तकलीफ होगी। लेकिन जब ब्रिज बनकर तैयार होगा तो इतने ही लोगों को फायदा भी होगा। श्रीगंगानगर से जिन लोगों को पूगल या खाजूवाला जाना है। वे किसान भवन से टर्न लेते थे लेकिन अब उन्हें श्रीगंगानगर चौराहे से पूगल रोड से होकर जाना होगा। उन्हें 1 से 4 किमी तक का चक्कर काटना पड़ सकता है।

किसान भवन से जिन्हें रामपुरा जाना वे इंदिरा कॉलोनी, सुभाषपुरा होकर भी जा सकते हैं और गजनेर रोड होकर भी जा सकते हैं। पूरा प्रारूप जारी होना अभी शेष है। उसमें प्रशासन लोगों को आने-जाने का रास्ता सुझायेगा।

**विद्युतीकरण के बाद भी नहीं चल पा रही ट्रेनें :** बीकानेर मंडल के 1780 किलोमीटर लम्बे रूट की सभी लाइनों का विद्युतीकरण होने के बाद भी अभी तक सूरतगढ़-अनूपगढ़ खंड और श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ खंड पर इलेक्ट्रिक से चलने वाली गाडियों के लिए 8 माह का इंतजार करना पड़ेगा। इसका मुख्य कारण यह है कि इस रूट पर ट्रेनें चलाने के लिए अभी तक ट्रैक के लिए बिजली सप्लाई करने वाले ट्रैक्शन सब स्टेशन (टीएसएस) का काम ही नहीं हुआ है।

मंडल में श्रीगंगानगर के चक महाराज, सूरतगढ़-अनूपगढ़ खंड के कल्याणकोट और लालगढ़- फलौदी खंड के कोलायत में अभी तक टीएसएस का काम ही शुरू नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि लालगढ़-फलौदी खंड में तो टीएसएस की जमीन को लेकर कुछ कानूनी पेचीदगियां थी। इस कारण यह काम अब तक नहीं हो पाया। रेलवे ने अब इस मुद्दे का निस्तारण कर लिया है। अब अक्टूबर तक यहां पर टीएसएस का काम पूरा हो जायेगा।

वहीं कल्याणकोट में नवम्बर में जब टीएसएस बनकर तैयार होगा। इसके बाद इनके बिजली कनेक्शन का काम शुरू होगा। वहीं चक महाराजा में टीएसएस पर तकनीकी खामी के चलते बिजली कनेक्शन नहीं हो पा रहा है।

विदित रहे कि बीकानेर मंडल में सूरतगढ़- लालगढ़-फलौदी खंड में विद्युत इंजन से गुड्स ट्रेनें चलाई जा रही हैं। सूरतगढ़-भटिंडा खंड में पहले से ही सवारी गाड़ियां चल रही हैं।

बीकानेर सूरतगढ़ खंड में सवारी गाड़ी चलाने की अनुमति प्रदान की गई है लेकिन अभी तक केवल एक पैंसेजर गाड़ी को ही चलाया जा रहा है। बीकानेर मंडल में लगभग 100 पैसेंजर ट्रेन और लगभग 75 मालगाडियां विद्युत इंजन से चल रही हैं। ट्रैक्शन सब स्टेशन में विभिन्न प्रकार के उपकरणों का प्रबंधन किया जाता है।

इसमें सुरक्षा प्रणाली और सुरक्षा उपकरणों का प्रबंधन भी शामिल होता है, जो इंजनों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इतना ही नहीं ट्रैक्शन सब स्टेशन के अनुरक्षण और देखभाल का भी ध्यान रखा जाता है।

## हैण्डीक्राफ्ट एक्जीबिशन शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। दस दिवसीय हैण्डीक्राफ्ट एक्जीबिशन मंगलवार को जूनागढ़ के सामने स्थिति क्राफ्ट बाजार में शुरू हुई। एग्जीबिशन 12 मार्च तक दोपहर 12 से रात्रि दस बजे तक खुली रहेगी।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रमेश तांबिया, राष्ट्रीय अवॉर्डी मोहम्मद हनीफ उस्ता एवं राम सोनी ने इसका शुभारंभ किया। इस दौरान भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी शुभारंभ आदित्य द्विवेदी मौजूद थे। केन्द्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय की मार्केटिंग योजनान्तर्गत दस दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

मेले में 20 स्टॉल हस्त निर्मित उत्पादों की लगाई गई है। अतिथियों ने स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए इनकी सराहना की। उस्ता ने कहा कि भारत हस्तशिल्प का प्रमुख केन्द्र माना जाता है। भारत में दैनिक जीवन की सामान्य वस्तुएं कलात्मक रूप से गढ़ी जाती हैं।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक ने बताया कि राजस्थान कशीदाकारी एवं बंधनी काम के वस्त्र, हीरे जवाहरात जड़े आभूषण, चमकते हुए नीले बर्तन और मीनाकारी के काम के लिए प्रसिद्ध है। सूर्योदय आर्टिजन प्रोड्यूसर कम्पनी लि. की राखी छंगाणी ने मेले के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार के उत्पादों जैसै टाई एण्ड डाई, बंधेज कशीदाकारी, लेदर आईटम, पेपर मैसी सांझी आर्ट, उस्ता कला, लेटर आईटम, टैराकोटा आदि विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## सार-समाचार

### नाटकों का शेड्यूल जारी



**संभागीय आयुक्त रविकुमार सुरपुर ने बीकानेर थिएटर फेस्टिवल नाटकों का शेडयूल जारी किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर थिएटर फेस्टिवल में रंगमंच के कैनवास पर देशभर के रंगधर्मी अपनी कला की विभिन्न छटाएं बिखेरेंगे। बीकानेर के रंग प्रेमी देश के ख्यातनाम कलाकारों की कला से रूबरू हो सकेंगे। विधिवत रूप से रंगकर्म के महाकुंभ का उद्घाटन 8 मार्च को होगा। संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने आज नाटकों का शेड्यूल जारी किया। अब 8 से 12 मार्च तक एक से एक बेहतरीन और बहुरंगी नाटक, लोगों को देखने को मिलेंगे। इससे पहले सात मार्च को शाम साढ़े सात बजे से टीएम ऑडिटोरियम में लोक संगीत संध्या होगी। इस मौके पर संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने कहा कि बीकानेर की रंग परंपरा अपने आपमें खास है। ऐसे आयोजन इसे और नई पहचान दिलायेंगे। थिएटर फेस्टिवल रंग शख्सियत राजेन्द्र गुप्ता को समर्पित रहेगा। इसमें पांच दिन में 25 नाटकों का मंचन अलग-अलग रंगमंचों पर होगा। गौरतलब है कि आयोजन जिला प्रशासन, बीकानेर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और उत्तर पश्चिम रेलवे के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। वहीं अनुराग कला केन्द्र, विरासत संवर्धन संस्थान, हंसराज डागा चेरिटेबल ट्रस्ट, होटल मिलेनियम और सेठ तोलाराम बाफना अकादमी इसमें अहम भागीदारी निभा रहे हैं।

### अपशिष्ट निस्तारण पर प्रशिक्षण



**वेटरनरी विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन एवं निस्तारण का प्रशिक्षण दिया।**

**बीकानेर,** (कासं)। पशु जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट निस्तारण तकनीकी केंद्र, राजुवास, बीकानेर द्वारा पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर के विभिन्न विभागों में अध्ययनरत स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पति छात्र-छात्राओं को पशु जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के उचित प्रबंधन और निस्तारण विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए केन्द्र की प्रमुख अन्वेषक डॉ. दीपिका धूड़िया ने कहा कि जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के उचित निस्तारण एवं प्रबंधन के प्रति जागरूगता चिकित्सकीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों में होना अन्यन्त आवश्यक है। निस्तारण में जरा सी लापरवाही बहुत से रोगों को बढ़वा दे सकती है तथा वातावरण को प्रदूषित कर सकती है। अतः पशु जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित प्रबन्ध व निस्तारण किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय, चिकित्सालयों में कार्यरत कर्मचारियों को एवं पशु चिकित्सा स्नातकोत्तर एवं पशु चिकित्सा वाचस्पति विद्यार्थियों को इसका प्रायोगिक ज्ञान होना बहुत आवश्यक है ताकि वे स्वयं को एवं समाज को संक्रामक बीमारियों के प्रकोप से बचा सके तथा वातावरण को प्रदूषित होने से भी रोक सके। डॉ. वैशाली एवं डॉ. बसन्त ने प्रशिक्षणार्थियों को बायोमेडिकल अवशेष के उचित निस्तारण पर व्याख्यान व प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किया। प्रशिक्षण समापन पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

### एक करोड़ से बनेगा विकास का प्लान

**बीकानेर,** (कासं)। शहर में वैज्ञानिक तरीके से डवलपमेंट करने के लिए सिटी मोबेलिटी प्लान बनेगा जिसके लिए डीएमएफटी से एक करोड़ रुपए मिलेंगे। जिला प्रशासन को इसके लिए फाइनेंस विभाग की स्वीकृति का इंतजार है। बीकानेर में केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) सिटी मोबेलिटी प्लान बनायेगा। इसके लिए सीआरआरआई के वैज्ञानिक पूरे शहर का बारीकी से भ्रमण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। शहर में सड़कों, लाइट, फ्लाई ओवर, सर्किल सहित अनेक हाईवे पर सुरक्षा के लिए आवश्यकताओं की पूरी रिपोर्ट तैयार होगी। इसके लिए खान एवं भूविज्ञान विभाग से डीएमएफटी के एक करोड़ रूपए लिए जायेंगे। ये रकम सीआरआरआई प्लान बनेगा उसमें खर्च करेगा। जिला प्रशासन को इस प्लान और राशि काम में लेने के लिए फाइनेंस विभाग की स्वीकृति का इंतजार है।

# बीकानेर शहर में रम्मतों का पूर्वाभ्यास जोरों पर

- **अमरसिंह राठौड़ की रम्मत के गाने का अंतिम रिहर्सल सात मार्च को होगा**

**बीकानेर,** (कासं)। होलाष्टक के दिनों में शहर में श्रृंगार प्रधान, वीरसर प्रधान रम्मतों का मंचन होगा। 8 से 12 मार्च तक मंचित होने वाली इन रम्मतों का पूर्वाभ्यास भी किया जा रहा है।

फाइनल रिहर्सल में पांच से आठ घंटों तक कलाकार वैसे ही मंचन करते हैं। जैसे की वे लोगों के सामने मंचन कर रहे हो। बिस्सों के चौक में होने वाली रम्मत नोटंकी शहजादी के अंतिम गाने का रिहर्सल हो चुकी है। रिहर्सल में कलाकारों ने ... अब नोटंकी के बिना बचे न मेरी जान, छोड़ा अपने वतन को, आयो गढ़ मुल्तान... संवाद सुनने के लिए मोहल्लेवासी भी इकट्ठा हुए।

एक मार्च को इस रम्मत के अंतिम गाने का रिहर्सल किया गया, जो आठ घंटे तक चला। अब 9 मार्च की रात को यहां रम्मत का मंचन होगा। वहीं आचार्यों के चौक में होने वाली वीररस प्रधान अमरसिंह राठौड़ की रम्मत के गाने का अंतिम रिहर्सल सात मार्च को होगा। इसके अलावा शहर में खेली जाने वाली रम्मतों के लिए बसंत पंचमी से हर दिन दो से ढाई घंटे तक रिहर्सल किया जाता है। इन दिनों मरुनायक स्कूल, नत्थाणियों की प्रोल के भैरव मंदिर, बारह गुवाड़ चौक, चौथाणी ओझाओं के चौक के हनुमान मंदिर में रम्मतों का पूर्वाभ्सास किया जा रहा है।

इन रम्मतों का अंतिम अभ्यास होलाष्टक लगने के दूसरे दिन तक जारी रहेगा। 7 मार्च को नत्थूसर गेट के अंदर लाला बिस्सा के घर के आगे शहर की पहली रम्मत फक्कड़दाता का मंचन होगा। इसके बाद 9 मार्च को बिस्सों के चौक में नोटंकी शहजादी और भट्टडों के चौक में स्वांग म्हरी की रम्मत खेली जायेगी। 10 मार्च कीकाणी व्यासों के चौक जमनादास कल्ला की और बारहगुवाड़ चौक में दासी महाराज की स्वांग म्हरी रम्मत होगी। 11 मार्च को मरूनायक चौक में हड़ाऊ म्हरी, आचार्यों के चौक में अमरसिंह राठौड़ और बारहगुवाड़ चौक में भगत पूर्णमल की रम्मत होगी।

आचार्यों के चौक में 11 मार्च को होने वाली रम्मत का फाइनल रिहर्सल 7 मार्च को किया जायेगा। मां चामुंडा भैरव नाथ कला संस्थान की ओर से इन दिनों आचार्य चौक के रघुनाथ मंदिर में प्रतिदिन दो से ढाई घंटे तक रम्मत का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। उस्ताद दीनदयाल आचार्य के नेतृत्व में रम्मत के अमरसिंह राठौड़, हाड़ीरानी, बादशाह, बीबी, सलावत खां के किरदार अभ्यास कर रहे हैं। कलाकार भरी कचहरी पूछे बादशाह, कौन-कौन मुझरे आया, कहे सलावत सुनिए हजरत, अमरसिंह इक नहीं आया... के साथ अभ्यास कर रहे हैं। इनको अभ्यास करते समय देखने के लिए के लिए कई लोग भी पहुंचते हैं।

## बारिश से ठंडक बढ़ी

**बीकानेर,** (कासं)। मौसम की दो दिन पहले ली हुई करवट ने मौसम का मिजाज बदल गया। बारिश और उसके बाद चली ठंडी हवा के कारण ठंडक का अहसास बढ़ गया। बीती रात का न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दरअसल 3 दिन पहले एक विक्षोभ ने दस्तक दी थी। जिसके कारण दो दिन पहले बारिश हुई। ग्रामीण क्षेत्र में ओले भी गिरे। उसके बाद लगातार तेज हवाएं चल रही हैं। इस वजह से ठंडक ने पांव पसार लिए। बीती रात का न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। सप्ताह के अंत तक तापमान के वापस 18 से 19 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। आने वाले दिनों में अगर दूसरा कोई विक्षोभ नहीं आया तो इस सप्ताह के अंत तक बारिश का असर कम हो जायेगा और तापमान बढ़ना शुरू हो जायेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक दूसरे सप्ताह में मौसम असली करवट बदलेगा। होली के बाद गर्मी का अहसास पूरी तरह से होना शुरू हो जायेगा।

# हल्दीराम हार्ट हॉस्पिटल में हार्ट अटैक जांच की मांग

- **पीबीएम हॉस्पिटल के मुख्य अंग हल्दीराम हार्ट हॉस्पिटल में हार्ट अटैक की मुख्य जांचें लम्बे समय से नहीं हो रही है**

**बीकानेर,** (कासं)। अधिवक्ता नीतू जैन द्वारा संभागीय आयुक्त एवं चिकित्सा सचिव को पत्र लिखकर मांग की है कि संभाग के सबसे बडे पीबीएम हॉस्पिटल के मुख्य अंग हल्दीराम हार्ट हॉस्पिटल में हार्ट अटैक की मुख्य जांच लम्बे समय से नहीं हो रही है। जबकि आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीजों की हार्ट अटैक के संबंध में उक्त जांच अति महत्वपूर्ण है।

अधिवक्ता नीतू जैन ने प्रशासन को अवगत कराया है कि पीबीएम प्रशासन द्वारा उक्त जांच एवं अन्य जाचों को करोडों का बजट एवं संसाधन होते हुए भी हल्दीराम हॉस्पिटल में नहीं की जा रही है। उक्त जांच का ठेका बोथरा लैब को दिया हुआ है जिसके कार्मिक ओपीडी समय तक ही बैठते है तथा उक्त जांच की रिपोर्ट आने में अनावश्यक विलम्ब किया जाता है। जिसके कारण से आपातकालीन स्थिति में आये मरीज की जांच रिपोर्ट के अभाव में पूर्ण इलाज संभव नहीं हो पाता है। हल्दीराम हार्ट हॉस्पिटल में हार्ट अटैक की मुख्य जांच पूर्व में हॉस्पिटल के ही 10 नंबर कक्ष में की जाती थी जिसके कारण से आपातकालीन स्थिति में मरीज के परिजन जांच वहीं से करवा कर तत्काल रिपोर्ट प्राप्त कर प्राथमिक इलाज शुरू हो जाता था। परंतु वर्तमान में ओपीडी समय उपरांत यदि कोई हार्ट मरीज आपातकालीन वार्ड में आता है तो उसे उक्त जांच करवाने के लिए या तो बोथरा लैब जाना होगा या सैंपल लेकर बोथरा लैब जाना होगा जो कि हॉस्पिटल से काफी दूरी पर स्थित है। आने जाने में अनावश्यक समय व्यर्थ होता है।

# जेल बैण्ड को मिली पोशाक से अलग शान

- **भामाशाह सुरेन्द्र जैन ने जेल बैण्ड को पोशाक उपलब्ध कराई**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर जिला उद्योग संघ की प्रेरणा से भामाशाह सुरेन्द्र जैन ने जेल बैण्ड को पोशाक उपलब्ध करवाई गई है।

जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने बताया कि जेल प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह है कि बंदी के जेल से निकलने के बाद उसके पास खुद का ऐसा हुनर हो जिससे वह अपना व अपने परिवार का गुजारा चला सके तथा खुद को समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित कर सकें। केन्द्रीय कारागृह द्वारा इस बैण्ड को शहर के विभिन्न कार्यक्रमों, शादियों व पार्टियों में गीत संगीत के लिए भेजा जाता है।

भामाशाह सुरेन्द्र जैन ने बताया कि अधीक्षक सुमन मालीवाल की इस बड़ी सोच से प्रभावित होकर हर किसी व्यक्ति का यह मानस बन जाता है कि वह भी जेल में आवासित इन बंदियों के लिए कुछ करें ताकि यह बैण्ड जिस किसी भी कार्यक्रम में जाये एक जैसी पोशाक में इसकी एक अलग ही शान दिखाई दे। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता। कोई ना कोई मजबूरी या परिस्थिति उसे कानून तोड़ने को मजबूर कर देती है। लेकिन जब ऐसे व्यक्तियों के मन में अपना हुनर दुनिया के सामने लाने का जज्बा होता है तो हमारा भी यह कर्तव्य बनता है कि हम इन बंदियों को स्वरोजगार या हुनर को निखारने में अपना सहयोग दें।

## बस से गिरे कंडक्टर की मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। तेज रफ्तार बस को अचानक मोड़ने से हुए हादसे में बस कंडक्टर की मौत हो गई। यह हादसा सूरतगढ़ रोड पर होमलैंड सिटी के पास हुआ जहां बस के दरवाजे पर खड़ा कंडक्टर गिर गया था।

मृतक के भाई जितेंद्र मीणा की शिकायत पर बस ड्राइवर भादर सिंह के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है। मृतक हंसराज पुत्र मूलचंद मीणा अजमेर में घूघरा घाटी का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार मृतक राठौड़ ट्रैवल्स की बस में कंडक्टर का काम करता था। श्रीगंगानगर से अजमेर जा रही राठौड़ ट्रैवल्स की बस नंबर एआर 01 डब्लयू 244 के चालक ने होमलैंड सिटी के पास बस तेजी से मोड़ दी। इस कारण बस के दरवाजे पर खड़ा हंसराज का संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। हंसराज के सिर में चोट लगी और तेजी से खून बहने लगा।

# बारदाना खत्म होने से नहीं हो पा रही मूंगफली की खरीद

- **समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद की समय सीमा सरकार ने बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है, लेकिन खरीद केन्द्रों पर बारदाने का स्टॉक खत्म हो चुका है**

**बीकानेर,** (कासं)। समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद की समय सीमा सरकार ने 28 फरवरी से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है, लेकिन खरीद केन्द्रों पर बारदाने का स्टॉक खत्म हो चुका है। जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

बारदाने की समस्या को देखते हुए राजफैड ने सभी क्रय-विक्रय सहकारी समितियों को बारदाना खरीदने का आदेश तो दिया है। लेकिन इस प्रक्रिया में एक से दो सप्ताह का समय लग सकता है। ऐसे में किसान सवाल उठा रहे हैं कि अगर बारदाना ही नहीं होगा तो बढ़ी हुई समय सीमा का क्या फायदा मिलेगा। सरकार ने इस बार मूंगफली खरीद की सीमा बढ़ाकर 40 क्विंटल प्रति किसान कर दी थी। जिससे किसानों में उत्साह था और उन्होंने बढ़-चढ़कर विक्रय किया। लेकिन अब बारदाने की कमी से खरीद केन्द्रों पर अव्यवस्था फैल गई है।

राजफैड के क्षेत्रीय अधिकारी शिशुपाल सिंह ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर इस समस्या पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजफेड के उच्चाधिकारियों ने निर्देश दिया है कि स्थानीय स्तर पर ही बारदाने की खरीद की जाए। लेकिन इसमें समय लगेगा। क्योंकि टेंडर प्रक्रिया अपनानी होगी। इस पूरी प्रक्रिया में कम से कम एक सप्ताह से दस दिन का समय लग सकता है। जिससे 10 मार्च तक खरीद पूरी होने की संभावना कम होती दिखाई दे रही है। अगर समय रहते बारदाने की व्यवस्था नहीं हुई तो सरकार द्वारा दी गई अतिरिक्त समय सीमा का कोई लाभ किसानों को नहीं मिलेगा। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष शंभु सिंह राठौड़ ने कहा कि बारदाना न होने से किसानों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पिछले वर्षों की तरह सीधे कोलकाता से बारदाना मंगवाया जाए। इससे किसानों को तुरंत राहत मिल सकती है।

# दुखी और पीड़ित व्यक्ति की सेवा करना हमारी परंपरा का हिस्सा : रामेश्वरानंद

- **कुसुम देवी डागा स्मृति 17 वां घुटना दर्द निवारण शिविर आयोजित**

**बीकानेर,** (कासं)। मुक्ति संस्था द्वारा कुसुम देवी डागा स्मृति 17 वां घुटना दर्द निवारण शिविर मंगलवार को ब्रह्म बगीचा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रह्म गायत्री सेवा आश्रम के अधिष्ठाता दाता रामेश्वरानंद थे। उन्होंने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं है। दुखी और पीड़ित व्यक्ति की सेवा करना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है। आज के दौर में यह बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि घुटना रोग से पीड़ित व्यक्ति को निशुल्क परामर्श और चिकित्सा देना कुसुम देवी डागा को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने की। उन्होंने कहा कि बीकानेर भामाशाहों और दानदाताओं की धरती है। यहां के लोग सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। डागा परिवार बीकानेर कि इस विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने मुक्ति संस्थान द्वारा सामाजिक सरोकार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।



**मुक्ति संस्था द्वारा कुसुम देवी डागा की स्मृति में ब्रह्म बगीचा में आयोजित निःशुल्क घुटना दर्द निवारण शिविर में रोगियों की जांच करते चिकित्सक।**

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरिशंकर आचार्य, रोटरी क्लब के गवर्नर राजेश चूरा, बिक्री कर विभाग के एसीटीओ रामलाल परिहार और सखा संगम के अध्यक्ष एन.डी. रंगा ने भी विचार रखे। मुक्ति संस्था के अध्यक्ष हीरालाल हर्ष ने स्वागत उद्‌बोधन दिया।

उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा लगातार 17 वीं बार यह शिविर आयोजित किया गया है। संस्था द्वारा अब तक 7 हजार से अधिक लोगों को निशुल्क परामर्श एवं चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा चुकी है। मंगलवार के शिविर में 437 लोगों को निशुल्क नीकैप उपलब्ध करवाए गए। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर शिविर की शुरूआत की। मुक्ति के सचिव राजेन्द्र जोशी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया और अतिथियों का स्वागत किया।

## कीटनाशक से युवक की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ में खेत में काम करते हुए किसान के बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद किसान के घर में कोहराम मच गया है। 25 वर्षीय युवक जगदीश मेघवाल खेत में कीटनाशक छिड़क रहा था, इस दौरान वो खुद ही कीटनाशक की चपेट में आ गया।

गांव सुरजनसर निवासी 25 वर्षीय जगदीश पुत्र पुरखाराम मेघवाल की सोमवार शाम को पीबीएम में कीटनाशक के असर से मौत हो गई। हैड कॉन्स्टेबल बलवीर सिंह ने बताया कि जगदीश व उसके बड़े भाई भंवरलाल ने गांव जैसलसर की रोही में खेत काश्त पर ले रखा है। यहां 28 फरवरी को फसल में स्प्रे करने के बाद जगदीश को उल्टियां होने लगी।

परिजन उसे उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से बीकानेर रैफर कर दिया गया। पीबीएम में इलाज के दौरान सोमवार शाम को जगदीश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 3657 दिनांक : 28/02/2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री शलेन्द्र कुमार पुत्र श्री मनीराम निवासी ढींगावाली तहसील व जिला श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 01 किला नं. 24 में माप 15 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या वीवीसी 254 विवेकानन्द कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 149 दिनांक 05.06.2012 को श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री चन्दूराम के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री शैलेन्द्र कुमार द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.12.2024 को क्रय कर उक्त भूखण्ड के अपने नाम से नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री शलेन्द्र कुमार पुत्र श्री मनीराम निवासी ढींगावाली तहसील व जिला श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/1300 - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3340 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनुराग राजपाल पुत्र श्री अर्जुन राजपाल निवासी 814, वार्ड नं. 10, नजदीक ताराचंद वाटिका, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर एवं श्री हरीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी म.नं. बी-35, गली नं. 1, सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 66 किला नं. 06 में माप 30 इंटू 50 फीट भू.सं. बी-05, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 21090 दिनांक 27.7.2023 को श्री कौस्तुभ कथूरिया पुत्र श्री रिपुदमन कथूरिया के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री अनुराग राजपाल एवं श्री हरीश कुमार द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.4.2024 को क्रय कर उक्त भूखंड के अपने नाम से नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री अनुराग राजपाल पुत्र श्री अर्जुन राजपाल निवासी 814, वार्ड नं. 10, नजदीक ताराचंद वाटिका, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर एवं श्री हरीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी म.नं. बी-35, गली नं. 1, सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1308 - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड**
(सीआईएन: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालयः 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्कायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020, राजस्थान, भारत | फोन: +91 141 661 8800 फैक्स: +91 141 661 8861 | ईमेल: info@aavas.in | वेबसाइट: www.aavas.in

**सार्वजनिक सूचना**
**कंपनी की हनुमानगढ़ शाखा को नए स्थान पर स्थानांतरित करने की सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की हनुमानगढ़ शाखा इस सूचना की तारीख से तीन महीने बाद **पहली मंजिल, बाबा श्याम सिंह कॉम्प्लेक्स, नारंग होटल के सामने, हनुमानगढ़ जंक्शन, हनुमानगढ़-335512, राजस्थान से पहली मंजिल, प्लॉट नं. 1, बाबा श्याम सिंह कॉम्प्लेक्स, नारंग होटल के सामने, हनुमानगढ़ जंक्शन, हनुमानगढ़-335512, राजस्थान** स्थान पर स्थानांतरित कर दी जाएगी।

**आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के लिए**
**एसडी/-**
**शरद पाठक**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**

**दिनांकः 04 मार्च 2025**
**स्थानः हनुमानगढ़**